CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 94 रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### हाई कोर्ट में पेश नहीं होंगे आप नेता

## केजरीवाल के बाद सिसोदिया ने जस्टिस स्वर्ण कांता को चिट्ठी लिखी

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई से अरविंद केजरीवाल के बाद अब मनीष सिसोदिया ने भी खुद को अलग कर लिया है। मनीष सिसोदिया ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को चिट्ठी लिखी। केजरीवाल की तरह मनीष सिसोदिया ने जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा की अदालत में खुद या वकील के पेश नहीं होने का एलान कर दिया है। मनीष सिसोदिया ने





चिट्ठी में लिखा, मेरी तरफ से भी कोई वकील पेश नहीं होगा। आपके बच्चों का भविष्य सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता के हाथों में है। ऐसे में मुझे न्याय की उम्मीद नहीं है। सत्याग्रह के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा।

**राजघाट पहुंचे अरविंद केजरीवाल, महात्मा गांधी को किया नमन**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया राजघाट पहुंचे हैं। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष आतिशी भी हैं। उन्होंने राजघाट पर महात्मा गांधी को नमन किया। इससे पहले अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने जस्टिस स्वर्ण कांता को पत्र लिखा है।

### आक्रोशित परिजनों ने थाने का किया घेराव

## बदमाशों ने नाबालिग को चाकू मारकर उतारा मौत के घाट

**रायपुर, 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर चाकूबाजी की वारदात से दहल उठी है. बदमाशों ने 16 वर्षीय नाबालिग की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान कुश बाघ के रूप में हुई है.

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सिविल लाइन थाने के घेराव कर दिया है. जानकारी के मुताबिक, सोमवार देर रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कुछ आरोपियों ने दो नाबलिगों पर चाकू से प्राणघातक वार कर दिया. इसमें कुश बाघ की मौत हो गई, जबकि उसका नाबालिग साथी भी हमले में घायल हुआ है. बताया जा रहा है कि




काशीराम सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं घायल का अस्पताल में इलाज जारी है. घटना के बाद परिजनों ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर घेराव कर दिया और न्याय की मांग करने लगे. इस बीच डीएसपी सेंट्रल उमेश प्रसाद गुप्ता और एसीपी रमाकांत साहू थाने पहुंचे. उन्होंने परिजनों को समझाइश देने की कोशिश की गई. थाना प्रभारी तारकेश्वर पटेल ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पंचशील नगर के पास जोगी मोहल्ला में सोमवार रात करीब 11-30 बजे से 12 बजे के बीच की यह घटना है. एक नाबालिग की चाकू से हत्या कर दी गई है. उसके एक और साथी पर भी हमला हुआ है. सिविल लाइन थाना में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है. पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई थी. संदिग्धों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है. वारदात को अंजाम देने में 4 लोगों की भूमिका सामने आई है, जिनसे पूछताछ जारी है. पूछताछ के बाद भी स्पष्ट हो सकेगा कि घटना का क्या कारण था।

## ब्रेकिंग न्यूज

### 'हमर क्लिनिक' भवन में रहस्यमयी आग, कई दस्तावेज जलकर नष्ट

**खैरागढ़, 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** शहर के अमलीपारा वार्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लाखों रुपये की लागत से तैयार किया गया 'हमर क्लिनिक' भवन सोमवार देर रात अचानक आग की चपेट में आ गया। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह क्लिनिक अब तक मरीजों के लिए शुरू भी नहीं हो पाया था और न ही भवन में बिजली का कनेक्शन चालू है। ऐसे में आग लगने की घटना ने पूरे मामले पर संदेह को और गहरा दिया है। जानकारी के अनुसार, यह क्लिनिक पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में तैयार किया गया था, जिसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को घर के पास ही नि:शुल्क इलाज, दवाइयां और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। लेकिन उद्घाटन के लंबे समय बाद भी यहां सेवाएं शुरू नहीं हो सकीं। धीरे-धीरे यह भवन स्वास्थ्य केंद्र के बजाय स्टोर रूम के रूप में उपयोग किया जाने लगा, जहां राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (ऋक्क्य) से जुड़े दस्तावेज रखे गए थे, जो अब आग में जलकर नष्ट हो गए हैं।



### आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में सड़क हादसा, चार की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार ने भीषण हादसा कर दिया। बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों और ट्रकों को टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार कार श्रीकाकुलम से विशाखापत्तनम की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार की रफ्तार करीब 150 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है। तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पास मौजूद लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। इस हादसे में सड़क किनारे खड़े तीन लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।




चूहा- केजरीवाल के बाद अब सिसोदिया ने भी कोर्ट में पेश नहीं होने के लिए जस्टिस स्वर्णकांता को पत्र लिखा है।

चुहिया- हांजी, इसमें चिट्ठी लिखने की क्या बात है, कोर्ट में जाना नहीं जाना खुद की मर्जी

## राइस मिलर रोशन चंद्राकर के घर से निकली ईडी की टीम, दस्तावेज जब्त

**धमतरी, 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** बहुचर्चित भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाले मामले में ईडी ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की. राइस मिलर रोशन चंद्राकर और भाजपा नेता भूपेंद्र चंद्राकर के भाई के निवास में एक साथ दबिश दी गई. इससे इलाके में हड़कंप मच गया. देर रात तक चली कार्रवाई के बाद मंगलवार सुबह ईडी अधिकारियों की टीम दस्तावेज जब्त कर रोशन चंद्राकर के घर से निकल गई है. जांच के बाद कई नाम सामने आ सकते हैं. जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को धमतरी में भाजपा नेता रोशन चंद्राकर और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के चचेरे भाई भूपेंद्र चंद्राकर के भी ठिकानों पर छापेमारी की है. भूपेंद्र




चंद्राकार पर सिर्फ अभनपुर ही नहीं, बल्कि अपने करीबियों को अलग-अलग तहसीलों में भारतमाला घोटाले में करोड़ों रुपए मुआवजा पहुंचाने का आरोप है.

गौरतलब है कि राइस मिल लेवी वसूली मामले में रोशन चंद्राकर के निवास पर करीब तीन साल पहले भी ईडी ने छापा मारा था। इस दौरान उन्हें जेल भी हुई थी. भारतमाला परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में हुए जमीन मुआवजा घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की जांच में बड़े खुलासे हुए हैं. रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान करीब 500 करोड़ रुपये से अधिक की धांधली का आरोप है. प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की जांच में पता चला है कि कृषि भूमि को बैकडेट में गैर-कृषि भूमि में बदलकर उसका मुआवजा कई गुना बढ़ाकर दिखाया गया. यह खेल राजस्व विभाग के अधिकारियों (एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी) ने जमीन दलालों के साथ मिलकर खेला. इसमें एक ही खसरे की जमीन को कागजों में छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर अलग-अलग लोगों को मुआवजा दिलाया गया।

## महासमुंद प्रभारी डीईओ विजय लहरे निलंबित

**■ प्रश्नपत्र विवाद और लापरवाही पर गिरी गाज**

**महासमुंद, 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए महासमुंद के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) विजय कुमार लहरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। लहरे पर परीक्षा प्रश्नपत्र में गंभीर त्रुटि और विभागीय लापरवाही के आरोप हैं। चौथी कक्षा की अंग्रेजी परीक्षा के प्रश्नपत्र में कुत्ते के नाम के विकल्प के रूप में भगवान राम का नाम शामिल किया गया था। इस आपत्तिजनक



सवाल से न केवल छात्रों के बीच भ्रम फैला, बल्कि व्यापक स्तर पर धार्मिक भावनाएं भी आहत हुईं। जांच में पाया गया कि प्रश्नपत्र तैयार करने और उसके वितरण की जिम्मेदारी प्रभारी डीईओ की थी, जिसमें उन्होंने गंभीर लापरवाही बरती।

#### निलंबन के प्रमुख कारण

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विजय कुमार लहरे पर केवल प्रश्नपत्र विवाद ही नहीं, बल्कि कई अन्य गंभीर आरोप भी सिद्ध हुए हैं।

**धार्मिक भावनाओं को ठेस:** परीक्षा प्रश्नपत्र में आपत्तिजनक विकल्पों का चयन।

**न्यायिक कार्यों में ढिलाई:** हाईकोर्ट से जुड़े प्रकरणों में समय पर कार्रवाई न करना।

**आदेशों की अवहेलना:** वरिष्ठ कार्यालयों और विभागीय निर्देशों का पालन न करना।

निलंबन के तुरंत बाद, शासन ने बी.एल. देवांगन (उप संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय) को महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। विजय कुमार लहरे के खिलाफ अब विभागीय जांच आगे बढ़ेगी, जिसमें गहराई से पड़ताल की जाएगी।

### बदरीनाथ नेशनल हाईवे में दर्दनाक हादसा

## 400 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, दिल्ली की युवती लापता

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** उत्तराखंड में टिहरी गढवाल जिले के देवप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत तोताघाटी के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहां एक कार अनियंत्रित होकर करीब 400 मीटर गहरी खाई में गिरने से एक युवक घायल हो गया और युवती लापता है। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस, पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (स्ठ्ठ्रत्न) ब्यासी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि कार में एक युवक और युवती सवार थे, जिसमें युवक घायल हो गया है जबकि लापता युवती की तलाश जारी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन का नंबर डीएल 11 सीडी 3154 है। एसडीआरएफ टीम ने दुर्गम और जोखिम भरे रास्ते से नीचे उतरकर वाहन



तक पहुंच बनाई। मौके पर एक युवक घायल अवस्था में मिला है जिसे रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल की पहचान अनीश (22), पुत्र संदीप, निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। उसने बताया कि वाहन में उसके साथ एक युवती भी सवार थी, जिसकी पहचान सोहनी (20), निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। घटना के बाद से युवती लापता है, जिसकी तलाश में एसडीआरएफ द्वारा तलाश अभियान लगातार जारी है।

### गुजरात निकाय चुनावों में भाजपा का दबदबा, अहमदाबाद-मेहसाणा में बढ़त

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** गुजरात में हुए बड़े पैमाने पर स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। मंगलवार को राज्यभर में निर्धारित मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती शुरू हो गई है, जिसके बाद दिन में ही परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। अहमदाबाद नगर निगम की कुल 192 सीटों के नतीजे सामने आ रहे हैं। शुरुआती रुझानों में भाजपा ने 54 सीटों पर बढ़त हासिल कर ली है। वहीं विपक्षी पार्टी कांग्रेस 11 सीटों पर आगे चल रही है। उधर, मेहसाणा नगर निगम में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा है। यहां की 52 सीटों में से 20 सीटों पर पार्टी ने जीत दर्ज कर ली है। वार्ड नंबर 1, 6, 7, 10 और 11 में भाजपा उम्मीदवारों ने सफलता हासिल की है। आदलाज, कलोल, मानसा और गांधीनगर क्षेत्रों में अधिकांश सीटों पर भी भाजपा ने जीत दर्ज की।

## श्रमिकों के ई-केवायसी में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

**रायपुर, 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों के ई-के वाय सी कार्य में छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

भारत सरकार द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 97.11 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-के वाय सी पूर्ण कर लिया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ ने केरलम, त्रिपुरा, मिजोरम जैसे छोटे राज्यों तथा कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों को भी पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। मनरेगा के तहत श्रमिकों की ई.केवाईसी (द्ब-च्ड्ड्डष्ट) प्रक्रिया को पूरा करने में छत्तीसगढ़ ने देश भर में अग्रणी स्थान हासिल किया है। प्रदेश में लगभग 56.87 लाख से ज्यादा मजदूरों की




डिजिटल वेरिफिकेशन पूरी की गई है जो भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। यह डिजिटल प्रक्रिया फर्जी जॉब कार्डों को हटाने और सीधे वास्तविक लाभार्थियों के बैंक खातों में मजदूरी पहुंचाने में मदद कर रही है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन एवं उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के सतत नेतृत्व, मॉनिटरिंग और प्रभावी रणनीति का परिणाम है।

## 50 लाख लेकर फरार ड्राइवर समेत 7 गिरफ्तार, नकदी-लग्जरी कारें बरामद

**रायपुर, 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** राजधानी में करीब 50 लाख रुपये के गबन मामले का पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी ड्राइवर समेत कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 49.50 लाख रुपये नकद, एक एमजी विंडसर कार और घटना में इस्तेमाल की गई वर्ना कार जब्त की गई है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 66.50 लाख रुपये बताई जा रही है।मामला थाना खम्हारडीह क्षेत्र का है, जहां 25 अप्रैल को कंपनी के ड्राइवर कृष्णा साहू ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, वह कंपनी के एकाउंटेंट के साथ कार में करीब 50 लाख रुपये लेकर जा रहा था। रास्ते में उसने गुटखा लेने के बहाने एकाउंटेंट को कार से उतारा और फिर नकदी से भरी कार लेकर फरार हो गया।

पहले से बनाई थी साजिश: जांच में सामने आया है कि आरोपी कृष्णा साहू ने अपने रिश्तेदारों और साथियों के



साथ मिलकर पहले से पूरी योजना बनाई थी। वारदात के बाद उसने रकम अपने करीबियों में बांट दी और फरार हो गया। सीसीटीवी और तकनीकी जांच से मिली सफलता: पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट के साथ संयुक्त टीम बनाई। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रैक की गई। लगातार दबिश के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसकी निशानदेही पर अन्य 6 आरोपियों को भी पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में 1 महिला और 6 पुरुष शामिल हैं। सभी के खिलाफ थाना खम्हारडीह में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस की सख्ती से खुला राज: पूछताछ में आरोपियों ने गबन की पूरी साजिश कबूल कर ली है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में और भी तथ्य सामने आ सकते हैं।रायपुर पुलिस ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि शहर में इस तरह के आर्थिक अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

1. कृष्णा साहू पिता स्व. हुलास राम साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम चुचरूंगपुर थाना मगरलोड जिला - धमतरी। हाल पता - ब्लॉक नंबर 16, मकान नं0- 25 बीएसयूपी कालोनी ढेबर सिटी के पास थाना टिकरापारा जिला रायपुर।
2. कन्हैया राणा पिता नंदलाल राणा उम्र 32 साल निवासी ग्राम परसदा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद। हाल पता - वर्मापारा पेट्रोल पम्प के पास सेजबहार थाना मुजगहन जिला रायपुर।
3. श्रीमति सविता साहू पति स्व. दिलीप साहू उम्र 36 साल निवासी रेल्वे क्रासिंग के पास गोगांव सीतानगर थाना गुढियारी जिला रायपुर।
4. भुनेश्वर साहू पिता स्व. कुमार साहू उम्र 37 साल निवासी ग्राम कमरौद थाना मगरलोड जिला- धमतरी। हाल पता- वार्ड नं0- 12 श्रीराम चौक सुंदर नगर रावाभांठा थाना खमतराई जिला रायपुर।
5. ओम प्रकाश साहू पिता श्री मुन्ना लाल साहू उम्र 38 साल निवासी- नीम चौक वार्ड नंबर 12 रावाभांठा थाना खमतराई जिला रायपुर।
6. विष्णु प्रसाद पटेल पिता कन्हैया लाल पटेल उम्र 34 साल निवासी ग्राम हल्दी थाना नंदनीनगर अहिवारा जिला दुर्ग।
7. टीकम पटेल पिता लेखन पटेल उम्र 25 साल निवासी ग्राम हरदी पोस्ट सेमरिया थाना नंदनीनगर जिला दुर्ग।

CMYK